ST. MARY'S ENGLISH SCHOOL
SHEIKHPURA ROAD, BARBIGHA (SHEIKHPURA) BIHAR- 811101
AFFILIATED TO C.B.S.E (NEW DELHI), AFFI. NO:- 330509, SCHOOL CODE- 65518
Website- www.stmarysbarbigha.edu.in e-mail- stmarysbarbigha2003@gmail.com

# ऑनलाईन क्लास से संबंधित महत्त्वपूर्ण सूचना

## आप सभी अभिभावक नीचे दिए गए महत्त्वपूर्ण बिंदुओं पर ध्यान दें–

- स्कूल 12 जनवरी से टीचमींट ऐप्लीकेशन के द्वारा ऑनलाईन लाईव विडियो क्लास , विडियो रिकॉर्डिंग आदि के द्वारा शुरू करेगा।
- जो छात्र इस विद्यालय में नामांकित है उन्हें ऑनलाईन क्लास लेनी चाहिए। ऑनलाईन क्लास लेने के लिए बच्चों को नाम, पिता का नाम, पता, क्लास, सेक्शन, रौल नम्बर, एडमिशन नम्बर, टीचमींट नम्बर, व्हाट्सअप नम्बर, स्कूल में रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर आदि रजिस्ट्रेशन फार्म में भरकर देना होगा। इसके बाद नये स्तर पर ग्रुप बनाया जाएगा ताकि आपके बच्चों का लाईव क्लास संचालित हो सके।
- **ऑनलाईन क्लास में नामांकित होने के लिए अपना फार्म भरकर सोमवार 10 जनवरी 2022 को अवश्य जमा करें।** समय समय पर फेयर कॉपी, एसाईमेंट जाँच के लिए अभिभावक को स्कूल में जमा करना होगा। जाँचोपरांत फिर वापस ले जाना होगा। स्कूल समय–समय पर परीक्षायें भी लेती रहेगी।
- सभी विषयों का ऑनलाईन क्लास आयोजित होंगें।
- ऑनलाईन लाईव क्लास सिर्फ 1 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाएगी। एलकेजी एवं यूकेजी का ऑनलाईन क्लास अभी फिलहाल नहीं होगा।
- जो लोग ऑनलाईन क्लास में शामिल नहीं होते हैं तो उनका नाम रजिस्टर से हटा दिया जाएगा। ऐसे छात्र/छात्रा स्कूल से टी. सी. लिया हुआ माना जाएगा।
- 100 प्रतिशत स्कूल फी लागू रहेगा। ऑनलाईन क्लास के दौरान गाड़ी से आने वाले विद्यार्थी का गाड़ी शुल्क नहीं लगेगा। ये सारी सुविधायें नियमित रूप से तभी जारी रह पाएगा, जब तक आप सभी अभिभावक समय पर अपने बच्चों का शुल्क जमा कर पाएगें। क्योंकि स्कूल बार–बार बंद होने के कारण पहले से ही एक संकट का सामना कर रहा है।
- प्रत्येक विषय के लिए ऑनलाईन क्लास का समय और दिन अंकित करके ग्रुप में अपलोड किया जाएगा।
- ऑनलाईन क्लास में यदि आपको कोई तकनीकी समस्या आती है तो अतिशीघ्र स्कूल आकर अपनी समस्या को लिखित रूप से प्राचार्य को बताएगें, बाद में फी जमा करने के समय इस तरह की शिकायत स्वीकार नहीं की जाएगी।
- मैं अपने छात्रों के शैक्षणिक वर्ष को बर्बाद नहीं होने दूँगा। अगर अभिभावक और छात्र हमारा समर्थन करते हैं तो स्कूल किसी भी विपरीत सिथत में छात्रो को शिक्षित करने में सक्षम है।
- मैं उन सभी से अपील करता हूँ जो अपने बच्चों की स्कूली शिक्षा को लेकर भ्रमित है, कृपया भ्रम की स्थिति से बाहर आयें और स्कूल के साथ सहयोग करें। समय बर्बाद किए बिना अपने बच्चों को शिक्षित करने के लिए जो भी संभव हो उसे बनाए।

**नोट– अभिभावक ऑनलाईन क्लास के दौरान बच्चों के मोबाईल के इस्तेमाल की जानकारी अवश्य रखें। इस दौरान मोबाईल का दुरूपयोग की संभावना अधिक होती है इसलिए आप इस बिंदु पर विशेष ध्यान रखें। साथ–ही–साथ बच्चे अपने निर्धारित समय पर क्लास ज्वाईन कर रहें है या नहीं, होमवर्क पूरा कर रहें या नहीं आदि जानकारी भी अवश्य रखें।**

प्राचार्य–
संत मेरिस इंग्लिश स्कूल, बरबीघा